प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

प्रदेश में दंत चिकित्सा शिक्षा और इससे जुडी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जायेगा। साथ ही राजस्थान दंत परिषद का नए सिरे से गठन किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने राष्ट्रीय दंत परिषद के सदस्यों के साथ बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय दंत आयोग अधिनियम, 2021 को राज्य में लागू करने के लिए इसके नियमों की जांच की जाएगी। दंत चिकित्सा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए देश के शीर्ष डेंटल कॉलेजेस का दौरा करने के लिए एक समिति बनाई जाएगी ताकि वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाया जा सके। शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी मजबूत किया जाएगा।

............................

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए अब से वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर में आधार और जन आधार नंबर अपडेट करना जरूरी होगा। ई–केवाईसी के बिना आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन नहीं किए जा सकेंगे। आयोग सचिव ने बताया कि कार्मिक विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के क्रम में ये फैसला लिया गया है। अभ्यर्थी 7 जुलाई 2025 से आधार या जन आधार के माध्यम से ओटीआर ई–केवाईसी कर सकते है। केवाईसी पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन भर्ती आवेदन सबमिट नहीं कर पाएंगे।

............................

स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आज देश उन्हें नमन रहा है। आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारतीय दर्शन खास तौर पर वेदांत और योग को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में उन्होंने भारतीय आध्यात्म को वैश्विक पटल पर रखा। उनकी मृत्यु आज ही के दिन साल 1902 में बेलूर मठ में हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि समाज के लिए उनके विचार और दृष्टिकोण आज भी मार्गदर्शक है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि विकसित राजस्थान–समृद्ध राजस्थान के संकल्प की प्राप्ति में उनके अमूल्य विचार और शिक्षाएं हमेशा मार्गदर्शन करती रहेंगी। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का प्रारूप तैयार करने वाले और स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की भी आज पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान और तिरंगे के रूप में राष्ट्र को दी गई उनकी अमूल्य कृति के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

............................

प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गयी है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी बारिश हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 12 दशमलव 8 सेंटीमीटर पानी जैसलमेर के पोकरण में बरसा। जालौर और उदयपुर के वल्लभनगर में 10–10 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। बाडमेर में आज सुबह से बारिश हो रही है। इससे मौसम खुशगवार हो गया है। झालावाड में रिमझिम बरसात हो रही है। भीलवाडा में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर कृषि विभाग ने किसानों को मौसम खुलने पर दलहनी, तिलहनी और मक्का की फसल की निराई गुडाई का परामर्श जारी किया है। अलवर में बारिश के मौसम का आनंद लेने के लिए लोग बडी संख्या में पर्यटन स्थलों पर पंहुच रहे है। जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने जिलेवासियों से जलस्त्रोतों के पास नहीं जाने की अपील की है।

............................

मौसम विभाग ने आज टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी, बारां, कोटा, झालावाड और भीलवाडा जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में बरसात की संभावना जताई है।

............................